तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

14 17 लाख का धान किसान करते हैं दान फिर भी...



14 चारामा में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सांसद का स्वागत...



भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

खबर संक्षेप



दस दिनी मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण शिविर आज से

कांकेर। बच्चों एवं युवाओं को मार्शल आर्ट्स से जोड़ने और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मार्शल आर्ट्स अकादमी कांकेर द्वारा 8 अक्टूबर से 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन शाम 5 से 6 बजे तक टिकरापारा स्थित मिनी स्टेडियम में लगेगा। प्रतिभागियों को कराटे, बॉक्सिंग, मुए थाई, साम्बो और फेंसिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य प्रशिक्षक विजय कुमार नाग के साथ राकेश साहू और विनय बघेल प्रशिक्षण देंगे।

माकड़ी में आज वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह कार्यक्रम

कांकेर। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ शासन



द्वारा राज्य स्तरीय वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर 8 अक्टूबर को कांकेर के माकड़ी स्थित लाख विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप रहेंगे। इसके अलावा विधायक आशाराम नेताम, विक्रम उसेंडी, सावित्री मंडावी सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला पंचायत, जनपद पंचायत और नगर पालिका के पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

आमागढ़ में 18 से राज्य स्तरीय डे-नाइट कबड्डी

दुर्गूकोंदल। ग्राम आमागढ़ में युवा शक्ति संगठन एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में 18 एवं 19 अक्टूबर को राज्य स्तरीय दो दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं और खेलप्रेमियों में उत्साह है। प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। इसके बाद 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व के अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों एवं खेलप्रेमियों से सपरिवार शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

घायल युवक की मौत विवेचना शुरू

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए कोदाभाट निवासी 29 वर्षीय उपेंद्र कुमार विश्वकर्मा पिता बिदेराम का मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया। चिकित्सकों ने युवक का परिक्षण कर मौत होने की पुष्टी किया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

घायल की मौत पर मर्ग कायम



कांकेर। दुर्गूकोंदल थानांतर्गत आमागांव से दुर्गूकोंदल जाने वाले मार्ग में लोहत्तर थानांतर्गत ग्राम चेमल निवासी 45 वर्षीय इंद्रेश नेताम पिता स्व. श्रीराम नेताम को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने की वजह से 6 अक्टूबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

स्कूल में शराब सेवन की शिकायत पर एचएम की जांच, दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

ग्रामीणों की शिकायत और वीडियो जारी होने के बाद शिक्षा विभाग ने लिया तत्काल संज्ञान

गोड़पाल के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला गोड़पाल के प्रधानपाठक हेमलाल कोमा के विरुद्ध शराब सेवन की शिकायत करते हुए संबंधित वीडियो विभाग को उपलब्ध कराया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग ने तत्काल जांच शुरू की। विभागीय जांच के दौरान शिकायत सही पाए जाने के बाद प्रधानपाठक के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गोड़पाल के ग्रामीणों ने तरहूल शिविर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानपाठक हेमलाल कोमा के खिलाफ शिकायत प्रस्तुत की थी। ग्रामीणों ने शराब सेवन से संबंधित वीडियो भी जांच अधिकारियों को उपलब्ध कराए। मामले की गंभीरता को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव कुमार सिंह डे ने तत्काल संज्ञान लेते हुए शिविर स्थल से ही ग्राम गोड़पाल पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। गांव पहुंचने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्रामीणों से शिकायत के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

शिकायत और उपलब्ध तथ्यों की जांच के बाद प्रधानपाठक को थाना कोड़ेकुर्से ले जाया गया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गूकोंदल में उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। विभाग के अनुसार चिकित्सकीय परीक्षण में शराब सेवन की पुष्टि हुई।

ग्रामीणों, विद्यार्थियों सदस्यों के बयान दर्ज

शिक्षा विभाग ने मामले को केवल शिकायत तक सीमित न रखते हुए निर्धारित प्रक्रिया के तहत विस्तृत जांच की। जांच के दौरान ग्रामीणों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, विद्यार्थियों तथा संबंधित संकुल प्राचार्य के बयान दर्ज किए गए। मामले से जुड़े आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य अभिलेख भी एकत्र किए गए हैं।

चिकित्सकीय परीक्षण में शराब सेवन की पुष्टि



दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा

खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच के बाद खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से उपलब्ध दस्तावेजों, जांच प्रतिवेदन और संबंधित पक्षों के बयानों के आधार पर प्रधानपाठक हेमलाल कोमा के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। कार्रवाई के लिए जांच से संबंधित समस्त दस्तावेज जिला शिक्षा अधिकारी को भेजे गए हैं।

आगजनी घटना

नक्सली वारदात की याद हुई ताजा

पोकलेन मशीन आगजनी मामले में आरोपियों की तलाश, पुलिस की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

हरिभूमि फालोअप

चेमल माईंस की कार्यशैली से मजदूरों के अलावा ट्रांसपोर्टरो में भी है नाराजगी

- लोहत्तर पुलिस के सामने आरोपियों तक पहुंचने की चुनौती 1
- पुलिस घटना के कारणों को भी पता लगाने में जुटी 2

चेमल स्थित पुष्प स्टील एंड माइनिंग में तीन पोकलेन मशीनों को आग के हवाले किए जाने के मामले में लोहत्तर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 326 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आग लगाने वाले पूरी तरह से नक्सलियों की स्टाईल की तरह घटना को अंजाम दिया है। यह नक्सली घटना नहीं है, परंतु घटना उनकी स्टाईल की तरह हुई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चेमल में वनखंड क्रमांक 632, 633, 634 एवं 635 में कुल 66 हेक्टेयर क्षेत्र में लौह अयस्क खदान स्वीकृत है, जिसका संचालन पुष्प स्टील एंड माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। खदान के प्रतिबंधित रियायत क्षेत्र में खनन कार्य में इस्तेमाल होने वाली टाटा एक्सवेटर की तीन पोकलेन मशीनें खड़ी थीं। घटना की जानकारी मिलने के बाद कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक संपर्क विभाग नीरज कुमार द्विवेदी ने थाना लोहत्तर में आवेदन देकर पुलिस को घटना से अवगत कराया। आवेदन में बताया गया है कि घटनास्थल पर लाल रंग से लिखे पर्चे भी मिले हैं, जिनमें जान से मारने की धमकी दिए जाने का उल्लेख है। इस वजह से पुलिस इस घटना को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

चेमल माईंस के परिवहन का भुगतान कई ट्रक मालिकों कों आज तक नहीं हुआ

पर्चों में पांच दिन का अल्टीमेटम, पेमेंट और 'लाल सलाम जिंदाबाद' का उल्लेख

पुष्प स्टील माइंस में देर रात आगजनी तीन चेन माउंटेन मशीनें जलकर खाक



मौके पर मिले कथित धमकी वाले पर्चे

सभी पहलुओं की होगी जांच

नक्सली वारदातों को करा रहा याद

ग्राम चेमल स्थित पुष्प स्टील एंड माइनिंग की हल्दी आयरन ओर माइंस में तीन पोकलेन मशीनों में आग लगाने की घटना ने क्षेत्र में पूर्व में सामने आई नक्सली वारदातों की याद ताजा कर दी है। अज्ञात लोगों द्वारा मशीनों को जिस तरीके से आग के हवाले किया गया, उससे घटना को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। हालांकि, आगजनी के पीछे कौन लोग शामिल हैं और उनका वास्तविक उद्देश्य क्या था, यह पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। कंपनी प्रबंधन ने मामले में किसी संगठित गिरोह की संलिप्तता की आशंका जताई है। साथ ही राज्य विरोधी गतिविधियों से जुड़े लोगों की भूमिका की संभावना से भी इंकार नहीं किया है।

आरोपियों की पहचान बड़ी चुनौती

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा घटनास्थल पर मौजूद परिस्थितियों, पर्चों और अन्य संभावित साक्ष्यों की जांच की जा रही है। साथ ही घटना के पीछे शामिल लोगों की पहचान और आगजनी के उद्देश्य का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के लिए आरोपियों की पहचान करना बड़ी चुनौती है। घटना के बाद पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों तक पहुंचना और उनके चेहरे उजागर करना है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण का संदेश

सेवा ज्योति यात्रा में विकसित भारत का संकल्प गूंजा, उमड़ा जनसैलाब



डोम में आयोजित संकल्प सभा के बाद निकली यात्रा

कांकेर। सेवा के संकल्प, राष्ट्र निर्माण की भावना और विकसित भारत के लक्ष्य को जन-जन तक पहुंचाने के आह्वान के साथ शहर में बुधवार को उत्साह का माहौल देखने को मिला। नए स्टैंड स्थित डोम में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा के बाद निकली सेवा ज्योति यात्रा ने शहर में विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संदेश दिया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के संबोधन को सुना गया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह लक्ष्य केवल सरकार के प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के सामूहिक योगदान से हासिल किया जा सकता है। सेवा और जनभागीदारी के माध्यम से समाज के ⏭शेष पेज 12 पर

कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजेश मूणत, विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, आलोक ठाकुर, टेकेश्वर जैन, दिलीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, राजा पांडेय, पार्षद टिकेंद्र ठाकुर, भाजयुमो अध्यक्ष संजू गोपाल साहू, घनेंद्र ठाकुर, पीयूष वलेचा सहित भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गौशाला भेजने के नाम पर 40 गौवंशों की चोरी

चार आरोपी पुलिस गिरफ्त में



37 गौवंश, तीन पिकअप और चार मोबाइल समेत 18 .40 लाख रुपये की सामग्री जब्त

आरोपियों ने छह पिकअप में भरकर मवेशियों को ले जाने की बात कबूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नरहरपुर क्षेत्र में ग्रामीणों के करीब 40 गौवंशों को गौशाला भेजने के नाम पर चोरी किए जाने के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 37 नग गौवंश, चार मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त तीन पिकअप वाहन, कुल 18 लाख 40 हजार रुपये की सामग्री बरामद की है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

मामले की शुरुआत तब हुई जब नरहरपुर के वार्ड क्रमांक 08 निवासी रविकांत ठाकुर ने थाना नरहरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि क्षेत्र के ग्रामीणों की गाय और बछड़े 30 सितंबर की रात से लापता हैं। पूछताछ में सामने आया कि हिमांशु तिवारी और गौरव शोरी ने आवारा एवं लावारिस मवेशियों को गौशाला भेजने की बात कहकर ग्रामीणों से संपर्क किया था। बताया गया कि आरोपियों ने पण्डरीपानी, सिहावा स्थित गौशाला में मवेशियों को भेजने का भरोसा देकर नरहरपुर हाईस्कूल खेल मैदान से करीब 40 गौवंशों को छह पिकअप वाहनों में भरकर ले गए। ग्रामीणों ने जब संबंधित गौशाला पहुंचकर जानकारी ली तो वहां नरहरपुर से कोई भी गौवंश पहुंचना नहीं पाया गया। शिकायत पर थाना नरहरपुर में अपराध क्रमांक 193/2026, धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने गौशाला भेजने के बहाने करीब 40 गौवंशों को चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि छह पिकअप वाहनों में से दो पिकअप में लदे 10 गौवंश ग्रामीणों को बांटे गए, जबकि चार पिकअप में लदे 30 गौवंशों को बेचने की जानकारी सामने आई। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 37 गौवंश, कीमत 2 लाख 60 हजार रुपए बरामद कर जब्त किए और उन्हें कांजी हाउस भेजा। इसके अलावा 80 हजार कीमत के चार मोबाइल फोन ⏭शेष पेज 12 पर

यह चार आरोपी गिरफ्तार

जामगांव बाजारपारा निवासी 26 वर्षीय हिमांशू तिवारी पिता मोहन तिवारी, जामगांव नीचेपारा निवासी 20 वर्षीय गौरव शोरी पिता धनराज शोरी, जामगांव मुखहरापारा निवासी 24 वर्षीय मनीष कुमार बघेल पिता स्वर्गीय भारत बघेल और मुखहरापारा जामगांव निवासी 28 वर्षीय विश्वनाथ कौशिक पिता हेमंत कौशिक शामिल है। पुलिस ने चारों आरोपियों को अपराध में संलिप्त पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

महिला को निःसंतान बताया एवं झांसे में लिया फिर जेवर की ठगी

कांकेर। निःसंतान होने की समस्या दूर करने और कथित रूप से काट करने का झांसा देकर एक महिला से सोने का मंगलसूत्र और चांदी की पायल ले जाने का मामला सामने आया है।

महिला ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसे सम्मोहित करने जैसा प्रभाव डालकर जेवर उतरवाए और बाद में घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार सेमरापारा नारायणपुर निवासी ⏭शेष पेज 12 पर

41 हजार के जेवर लेकर आरोपी चंपत

आरोप है कि जेवर लेने के बाद आरोपियों ने महिला और उसके पति को घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण महिला ने तत्काल अपने पति को भी घटना की जानकारी नहीं दी। बाद में हिम्मत जुटाकर उसने अपने पति को पूरी घटना बताई और 6 अक्टूबर को भानुप्रतापपुर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

एकलव्य भंडारडिगी के खिलाड़ियों ने 20 पदक जीते, बढ़ाया स्कूल का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भण्डारडिगी के बालक-बालिकाओं ने अंतागढ़ में आयोजित क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विभिन्न खेल विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के खिलाड़ियों ने कुल 20 पदक अपने नाम किए, जिसमें 8 स्वर्ण, 4 रजत और 8 कांस्य पदक शामिल हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के 8 खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए भी हुआ है।

प्रतियोगिता में विद्यालय की खिलाड़ी निर्जला दुग्गा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सबका ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने एथलेटिक्स की व्यक्तिगत स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण पदक हासिल किए। इसके अलावा बालिका रिले टीम में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बालिका वर्ग में फाल्गुनी रावटे ने 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण तथा 100 मीटर में कांस्य पदक जीता। दामिनी सलामे ने शतरंज में स्वर्ण पदक हासिल किया। भावना चुरेंद्र ने 800 मीटर और 1500 मीटर में रजत पदक, जबकि लिवांशी तुलावी ने शतरंज में रजत पदक प्राप्त किया। शीला नेताम ने 400 मीटर में कांस्य, यामिनी ने गोला फेंक और चक्का फेंक में कांस्य तथा प्रिंसी दुग्गा ने योग में कांस्य ⏭शेष पेज 12 पर

वोट चोर गद्दी छोड़ो

अभियान की पदयात्रा के दौरान घटी घटना

धक्का-मुक्की के दौरान वारदात का पता तत्काल नहीं चल सका

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी की प्रवास यात्रा में नेताओं की जेब कटी, पर्स व मोबाइल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ो अभियान के तहत कांकेर शहर में बुधवार को निकाली गई पदयात्रा के दौरान जेबकतरे भी सक्रिय रहे। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत सहित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, चरणदास महंत, दीपक बैज और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में निकली पदयात्रा के दौरान करीब 10 कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की जेब से पर्स, मोबाइल फोन और नकदी गायब होने की घटना सामने आई है। भीड़ के बीच हुई इन वारदातों से कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ो अभियान के तहत शहर में पदयात्रा आयोजित की गई थी। इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान भीड़ काफी अधिक थी और इसी का फायदा उठाकर जेबकतरों ने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया। भीड़ में धक्का-मुक्की के दौरान कई लोगों को वारदात का पता भी तत्काल नहीं चल सका।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी भी जेबकतरे के शिकार हुए। उनके पास रखा पर्स चोरी हो गया। इसके अलावा कई अन्य कांग्रेसियों के मोबाइल फोन, पर्स और नकदी गायब होने की जानकारी सामने आई। घटना की जानकारी एक के ⏭शेष पेज 12 पर



राजनीतिक कार्यक्रमों में जेबकतरों की सक्रियता

राजनीतिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान जेब कटने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी जिले में आयोजित विभिन्न बड़े कार्यक्रमों में भीड़ का फायदा उठाकर पर्स, मोबाइल और नकदी पार किए जाने की घटनाएं सामने आती रही हैं। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से चर्चा है कि ऐसे आयोजनों में जेबकतरे बाहर से भी पहुंचते हैं।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पदयात्रा के मार्ग और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जांच के साथ चोरी हुए मोबाइल, पर्स और नकदी के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस का प्रयास है कि भीड़ का फायदा उठाकर वारदात करने वाले आरोपियों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में हितग्राही हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

सेवा संकल्प अभियान में फरसगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत चांदागांव में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों का स्थानीय स्तर पर निराकरण करने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत चांदागांव की सरपंच जानकी नेताम ने की। इस अवसर पर जनपद पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष मानकुराम राम नेताम, नगर पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष प्रशांत पात्र, ग्राम पंचायत चरखई की सरपंच प्रमिला, सरपंच संघ अध्यक्ष झाड़ी राम सलाम, जनपद सदस्य सुकड़ू मंडावी, विजय मरकाम, प्रवीर बदेशा, मंजू मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों का गोद भराई एवं 4 हितग्राहियों का अन्नप्राशन कराया गया। 8 हितग्राहियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उद्यान विभाग द्वारा 15 पौधों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 जन्म प्रमाण पत्र एवं 14 आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के 13 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई।

विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राही हुए लाभान्वित

ग्रामीणों से मिले 65 आवेदन

जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 65 आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों का विभागवार संकलन कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा गया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को उनके आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही एवं शासन की संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी गई।



विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को मिला लाभ

शिविर के दौरान विधायक नीलकंठ टेकाम एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ, सामग्री एवं कीट वितरित किए गए। राजस्व विभाग के 82, वन विभाग के 15, शिक्षा विभाग के 12, मत्स्य विभाग के 5 तथा पशुधन विभाग के 8 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

खबर संक्षेप



नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कोण्डागांव। जिला पुलिस ने नाबालिग को बहला–फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार थाना कोण्डागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी पवन कोर्राम 20 वर्ष, निवासी पटेलपारा, बालासार द्वारा प्रार्थी की नाबालिग पुत्री को बहला–फुसलाकर अपने घर ले जाया गया तथा शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अलग-अलग धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपी को उसके घर से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। आरोपी को 6 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

फरसगांव में सेवा सेतु शिविर में 32 आवेदन प्राप्त

फरसगांव। नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड 3 स्थित सामुदायिक भवन में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर स्तरीय सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। दो हितग्राहियों को पोषण किट वितरित की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन, गोदभराई कार्यक्रम तथा उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 10 हितग्राहियों को नवीन आवास प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रमाण पत्र दिए गए। राजस्व विभाग ने किसानों को किसान किताब एवं खसरा विवरण वितरित किया। शिविर में नगरीय प्रशासन, राजस्व, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और लोगों की समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया पूरी की।

नुक्कड़ नाटक में छात्रों ने प्रधानमंत्री के 25 वर्षों की दी प्रस्तुति



केशकाल। दंडकारण्य महाविद्यालय केशकाल में सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राजनीतिक कार्यकाल के 25 वर्षों के दौरान देश में हुए विभिन्न विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी पहलों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन तक पहुंचाना रहा। मुख्य अतिथि नगर पंचायत केशकाल के पार्षद सुदर्शन कुंजाम थे। वहीं विशिष्ट अतिथि युवा भाजपा कार्यकर्ता यश राठी एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी डिगेश मोदी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एसडी सोनवानी ने की। कार्यक्रम की संयोजक जयश्री साहू रहीं। एनएसएस के 35 छात्रों ने नुक्कड़ नाटक में विभिन्न पात्रों का जीवंत अभिनय करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं तथा उनके कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने संवाद, अभिनय एवं मंचन के माध्यम से योजनाओं और विकास कार्यों को सरल एवं रोचक तरीके से दर्शकों तक पहुंचाया।

क्रिकेट के मैदान पर दिखेगा पुलिस का दम



फरसगांव। बस्तर संभाग की सात जिलों की पुलिस टीमें अब क्रिकेट के मैदान पर अपना दमखम दिखाएंगी। पुलिस विभाग की ओर से सेवन डिस्ट्रिक्ट्स–वन फोर्स, वन स्पिरिट थीम पर बस्तर पुलिस क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कोण्डागांव, नारायणपुर, कांकेर, बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले की पुलिस टीमें हिस्सा लेंगी। 8 से 10 अक्टूबर तक पुलिस लाइन कोण्डागांव में आयोजित होने वाली इस लीग में सातों जिलों की टीमें क्रिकेट मुकाबलों में आमने-सामने होंगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को इयूटी के साथ खेलों से जोड़ते हुए खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क और आपसी समन्वय को मजबूत करना है। लीग में बस्तर बायशन, कोंडागांव सुपर किंग्स, दंतेवाड़ा डेयरडेविल्स, बीजापुर ब्लास्टर्स, सुकमा सुपर जायंट्स, नारायणपुर निंजास और कांकेर नाइट राइडर्स की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में शामिल टीमों के लिए प्रायोजकों की भी घोषणा की गई है।

लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ, देश बचाव रैली में उमड़ा जनसैलाब

वोट चोरी लोकतंत्र पर प्रहार, जनाधिकार की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक लड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

लोकतंत्र की ताकत जनता के वोट में है और इसी वोट के अधिकार की रक्षा के संकल्प के साथ बुधवार को कांकेर में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला। लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ, देश बचाओ के नारे से शहर गूंज उठा। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रैली एवं धरना-सभा में जिलेभर से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। नेताओं ने मतदाता सूची और वोट से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए जनता के एक-एक वोट की रक्षा के लिए संघर्ष को गांव और बूथ स्तर तक ले जाने का आह्वान किया।

आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी एवं सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि लोकतंत्र की असली शक्ति देश की जनता और उसका वोट है। मतदाता के अधिकार और मत की पवित्रता को लेकर किसी प्रकार का सवाल खड़ा होता है तो उसकी निष्पक्ष जांच और जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान, लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस अभियान को गांव, बूथ और घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को अपने मत के माध्यम से सरकार चुनने का अधिकार देता है। मतदाता सूची, मतदान प्रक्रिया अथवा जनता के मत को लेकर किसी प्रकार का संदेह पैदा होता है तो उसका पारदर्शी और निष्पक्ष समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक मतदाता का वोट केवल संख्या नहीं, बल्कि देश के भविष्य के लिए उसकी आवाज है। इस आवाज को कमजोर करने का कोई भी प्रयास लोकतंत्र को कमजोर करता है।

आंबेडकर प्रतिमा तक निकला विशाल मार्च: धरना-सभा के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ, देश बचाओ के नारों के साथ विशाल पैदल मार्च निकाला। मार्च निर्धारित मार्ग से होते हुए कलेक्टोरेट परिसर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक पहुंचा। यहां कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। राष्ट्रगान के साथ मार्च का समापन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, राजेश तिवारी, एस. जरीता, लेटफ्लांग, विजय जांगिड़, संपत कुमार, विधायक संगीता सिन्हा, विधायक सावित्री मंडावी, कोको पाढ़ी, हेमंत ध्रुव, आनंद पवार, जिलाध्यक्ष बसंत यादव, बंटी उदय शर्मा, गफफार मेमन सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं ब्लांक के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



पूर्व सीएम ने पारदर्शिता पर दिया जोर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि लोकतंत्र में सरकारें जनता के वोट से बनती हैं, इसलिए प्रत्येक मतदाता के वोट का सम्मान और सुरक्षा सर्वोपरि है। वोट एवं मतदाता सूची से जुड़े सवालों पर पारदर्शिता सुनिश्चित करना निर्वाचन व्यवस्था की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वोट बचाओ, देश बचाओ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में कोण्डागांव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान डीजेवर गौतम उर्फ राजपूत 22 वर्ष, निवासी मेलावापदर पारा, कोण्डागांव के रूप में हुई है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 5 अक्टूबर को प्रार्थी ने थाना कोण्डागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात करीब 1 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को घर से ले जाया गया है। रिपोर्ट के आधार पर थाना कोण्डागांव में धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना एवं पतासाजी शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने लगातार पतासाजी करते हुए 05 अक्टूबर को नाबालिग पीड़िता को कोण्डागांव के पुराना बस स्टैंड क्षेत्र से बरामद किया।

■ पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को दबोचा

पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ एवं विवेचना के दौरान नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म किए जाने के तथ्य सामने आए। पीड़िता के कथन एवं विवेचना में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 64(1), 64(2)(ड) बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 जोड़ी गई। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने के पश्चात उसे 6 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को दी गई और आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

जगदलपुर शिविर में 277 दिव्यांगों को मिलेंगे कृत्रिम अंग व उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत कांकेर जिले के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए न्यू बस स्टैंड स्थित डोम से दिव्यांग हितग्राहियों के 277 सदस्यीय दल को जगदलपुर के लिए रवाना किया गया। विधायक आशाराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी ने हरी झंडी दिखाकर 06 बसों को रवाना किया।

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा और उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन द्वारा इस तरह की पहल के माध्यम से दिव्यांगजनों को उनके गांव और जिले से बाहर जाकर सुविधा प्राप्त करने में सहयोग देना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे, यही सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा का यह अवसर जिला प्रशासन के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि हितग्राहियों को शिविर तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए परिवहन से लेकर व्हीलचेयर, सहायक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि संभव है कि कुछ पात्र दिव्यांगजन किसी कारणवश आज जगदलपुर जाने वाले दल में शामिल नहीं हो पाए हों।

शिक्षक मोहनलाल की संदिग्ध मौत की मजिस्ट्रेट जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगनपुर में पदस्थ रहे स्व. मोहनलाल मरकाम की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के मामले में उनकी पत्नी कांति मरकाम ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अब तक उनके पति की मृत्यु के ठोस कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। मामले में कार्रवाई नहीं होने से उन्होंने रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री कार्यालय में आवेदन सौंपा तथा महिला आयोग में डॉ. ममता साहू से मुलाकात कर अपनी शिकायत से अवगत कराया। कांति मरकाम के अनुसार, उन्होंने इस मामले को लेकर तीन बार जनदर्शन में कलेक्टर से मुलाकात की। वहीं केशकाल नगर निरीक्षक के कार्यालय के भी पांच बार चक्कर लगाए, लेकिन उनका आरोप है कि इसके बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उन्होंने बताया कि इस बीच सूचना रिपोर्ट के आधार पर बयान लिए गए हैं। ग्राम पंचायत और खंड शिक्षा कार्यालय की ओर से भी जांच समितियां गठित कर बयान लिए गए, लेकिन परिवार का कहना है कि अब तक मामले में कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

महिला शिक्षिका से विवाद का भी किया उल्लेख

परिवार ने अपनी शिकायत में विद्यालय में पदस्थ एक महिला शिक्षिका के साथ स्व. मोहनलाल मरकाम के विवाद का भी उल्लेख किया है। कांति मरकाम का आरोप है कि उक्त शिक्षिका अतिशेष होने के बावजूद तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी के मौखिक आदेश पर अपने मूल विद्यालय के स्थान पर सिंगनपुर विद्यालय में कार्य कर रही थीं। उनका यह भी दावा है कि शिक्षिका द्वारा अपनी उपस्थिति शिक्षकों के मूल रजिस्टर में दर्ज नहीं की जाती थी और इसके लिए अलग पंजी का उपयोग किया जाता था। परिवार ने इस व्यवस्था से जुड़े लिखित आदेश एवं संबंधित दस्तावेजों की भी जांच किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि बिना लिखित आदेश के लंबे समय तक किसी अन्य विद्यालय में पदस्थ रहने के मामले की भी जांच आवश्यक है।

बहस के बाद तबीयत बिगड़ने का दावा

कांति मरकाम के अनुसार, घटना के दिन उनके पति स्वस्थ अवस्था में विद्यालय पहुंचे थे और उन्होंने अध्यापन कार्य भी किया था। उनका आरोप है कि विद्यालय में हुई बहस के बाद स्व. मोहनलाल मरकाम के सीने में दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें केशकाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। परिवार का कहना है कि उनकी मृत्यु को लेकर अलग-अलग स्तर पर अलग-अलग जानकारी सामने आई है।

साइबर जागृति अभियान में कोण्डागांव प्रदेशभर में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए गए साइबर जागृति अभियान में कोण्डागांव जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। अभियान के समापन पर जारी आंकड़ों के अनुसार कोण्डागांव में कुल 74,797 साइबर जागरूकता गतिविधियां दर्ज की गईं। यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्र के नेतृत्व, मार्गदर्शन और जिले के पुलिस अधिकारियों–कर्मचारियों के निरंतर प्रयासों का परिणाम बताई गई है। प्रदेश में साइबर अपराध के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक अभियान चलाया गया था। विभिन्न जिलों में स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों, संस्थानों और अन्य माध्यमों से साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाया गया। अभियान के आंकड़ों में कोण्डागांव 74,797 गतिविधियों के साथ पहले स्थान पर रहा। वहीं दुर्ग 64,840, बिलासपुर 55,063, गरियाबंद 47,067 और मुंगेली 36,577 गतिविधियों के साथ क्रमशः अगले स्थानों पर रहे। इस तरह कोण्डागांव ने दूसरे स्थान पर रहे दुर्ग से 9,957 अधिक गतिविधियां दर्ज कर अपनी बढ़त कायम की। साइबर जागृति अभियान के दौरान प्रदेश के 34 जिले अभियान से जुड़े। पूरे राज्य में कुल 5,42,370 एंट्री दर्ज की गईं और 2,03,30,879 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। अभियान की अवधि 7 सप्ताह रही। इन आंकड़ों में कोण्डागांव का प्रथम स्थान हासिल करना जिले में संचालित व्यापक साइबर जागरूकता गतिविधियों की उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में सामने आया है। अभियान की सफलता का श्रेय कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्र के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के साथ जिले के सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगातार मेहनत को दिया गया है। अभियान के दौरान पुलिस ने अलग–अलग माध्यमों से नागरिकों को साइबर ठगी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। पत्रकारों के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम, क्विक क्विज सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें यूपीआई फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी केवाईसी कॉल, संदिग्ध लिंक और एपीके फाइल, सोशल मीडिया फ्रॉड तथा ऑनलाइन निवेश के नाम पर होने वाली ठगी से बचाव की जानकारी दी गई।

■ एसपी पंकज चंद्र के नेतृत्व में जिले ने रचा नया कीर्तिमान

अभियान के माध्यम से नागरिकों को ओटीपी, पिन और पासवर्ड किसी से साझा नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, संदिग्ध ऐप डाउनलोड नहीं करने तथा ऑनलाइन लेन–देन में सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया गया। साइबर ठगी होने की स्थिति में तत्काल 1930 पर शिकायत करने की अपील भी की गई।

पेज 11 के शेष

सेवा ज्योति यात्रा में विकसित भारत...

प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर दिया गया। सभा के बाद सेवा ज्योति यात्रा नए स्टैंड स्थित डोम से प्रारंभ होकर पुराने कम्युनिटी हॉल पहुंचकर हुई। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का संदेश दिया। यात्रा के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने स्वागत किया और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से सामाजिक सेवा, राष्ट्रहित और जनकल्याण की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यकर्ताओं ने लोगों से भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के प्रयासों में सहभागी बनने का आह्वान किया।

गौशाला भेजने के नाम...

तथा 15 लाख कीमत के तीन पिकअप वाहन भी जब्त किए गए। कार्रवाई में निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल, थाना प्रभारी नरहरपुर, उपनिरीक्षक पियुष कुमार यादव, प्रधान आरक्षक संवलू राम नेताम तथा आरक्षक नीलेश निषाद, पवन मरकाम, गुलशन मंडावी एवं धर्मेन्द्र साहू शामिल रहें।

महिला को निःसंतान बताया एवं...

28 वर्षीय मुनिया पटेल के घर पांच लोग पहुंचे थे। इनमें राजनांदगांव जिले के टेडेसरा निवासी जोत कुमार ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे। ये लोग निःसंतान होने की समस्या के लिए दवाई देने की बात कहकर आए थे। दवाई की कीमत 3 हजार 700 रुपये बताई गई, जिसका ऑनलाइन भुगतान किया गया। शिकायत में बताया गया कि वही लोग दोबारा महिला के घर पहुंचे। उन्होंने महिला की नाड़ी देखने के बाद कहा कि किसी ने कुछ कर दिया है, जिसके कारण संतान नहीं हो रही है और इसकी काट करनी पड़ेगी। इसके लिए 12 हजार रुपये की मांग की गई। महिला के पति ने तत्काल रकम नहीं होने की बात कही तो आरोपियों ने काम होने के बाद पैसे देने की बात कही। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने कुछ क्रियाएं कीं, जिसके बाद उसे कुछ याद नहीं रहा। इसी दौरान उन्होंने उसके पहने हुए करीब 35 हजार रुपये कीमत के सोने के मंगलसूत्र और करीब 6 हजार रुपये की चांदी की पायल उतारकर देने को कहा। महिला के अनुसार उस समय उस पर सम्मोहन जैसा प्रभाव था, जिसके कारण उसने अपने जेवर उन्हें दे दिए।

एकलव्य मंडारडिगी के खिलाड़ियों...

पदक हासिल किया। वहीं निर्जला दुग्गा, भावना चुरेंद्र, लोकेश्वरी पोटावी और शीला नेताम की बालिका 4×400 मीटर रिले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रोहन उसेंडी, मनप्रीत उइके, चित्रकांत दुग्गा और धनेश्वर दुग्गा की 4×400 मीटर रिले टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया। आदित्य दरों ने 400 मीटर में रजत तथा 100 मीटर और चक्का फेंक में कांस्य पदक जीता। वहीं किशन कुमार पुराने ने चक्का फेंक में कांस्य पदक हासिल किया। क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के 8 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है, जिसमें साधना कावड़े और संजय कुमार का वॉलीबॉल, लोकेश्वरी पोटावी, भोज कुमार दरों और मनप्रीत उइके का खो-खो, संदीप कुमार का कबड्डी तथा लोकेन्द्र नरेटी और चित्रकांत दुग्गा का फुटबॉल के लिए चयन हुआ है।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी की प्रवास...

बाद एक सामने आने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई।

वोट चोरी पर हल्ला मचाने वाली कांग्रेस का असली चेहरा उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ में युवक कांग्रेस संगठन के चुनाव को लेकर सियासत गरमा गई है। युवक कांग्रेस के चुनाव में फर्जी वोटिंग और वोट की चोरी के आरोपों को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मीडिया से चर्चा करते हुए आलोक ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने स्वयं मीडिया के सामने स्वीकार किया है कि युवक कांग्रेस के चुनाव में वोट की चोरी हुई और फर्जी वोटिंग की गई और ऐसे में युवक कांग्रेस के चुनाव को रद्द कर देना चाहिए।

■ फर्जी वोटिंग पर युवक कांग्रेस के चुनाव को रद्द कर देना चाहिए : आलोक

किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस लगातार देशभर में चुनावों में वोट चोरी का मुद्दा उठाती रही है। अब एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भी कांग्रेस द्वारा सवाल खड़े किए जा रहे हैं और मतदाता सूची में सुधार की प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची की पारदर्शिता पर सवाल उठाने से पहले अपने संगठन के भीतर होने वाले चुनावों की प्रक्रिया को भी पारदर्शी बनाना चाहिए। उन्होने कहा कि यदि युवक कांग्रेस के चुनाव में फर्जी मतदान हुआ है और इसकी बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वयं स्वीकार कर रहे हैं, तो यह बेहद गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस देश में वोट चोरी का हल्ला मचा रही है और एसआईआर जैसी प्रक्रिया को लेकर सवाल उठा रही है, वहीं दूसरी तरफ उसके अपने संगठनात्मक चुनाव में ही फर्जी वोटिंग के आरोप सामने आ रहे हैं। यह कांग्रेस के दोहरे मापदंड को दर्शाता है।



आलोक ठाकुर ने कहा कि वोट चोरी का मुद्दा पूरे देश में उठाने वाली कांग्रेस को अब अपने ही संगठन के चुनाव में लगे फर्जी वोटिंग के आरोपों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में अब तक एसआईआर की प्रक्रिया 8 बार हुई है, जिसमें 7 बार कांग्रेस का शासन रहा है, तब ये सही थी ? बिना किसी प्रमाण के भाजपा नेताओं और चुनाव आयोग पर आरोप लगाना कांग्रेस की हताशा और गैर-जिम्मेदार राजनीति को उजागर करता है। कांग्रेस जनता के सुख दुख और किसी मुद्दे पर खड़े होती नहीं है और रिजल्ट आने के बाद सरकारी मशीनरी पर केवल लांछन लगाती रहती है। कांग्रेस और अन्य पार्टियां जब किसी राज्य में जीतती है, तो वहाँ के लिए एसआईआर ठीक रहता है। कांग्रेस का दोहरा चेहरा यहीं से उजागर होते हुए दिख रहा है।

खबर संक्षेप

एएएम-पीएचसी चेरपाल गुणवत्ता प्रमाणित घोषित



बीजापुर। जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी चेरपाल को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र नई दिल्ली द्वारा एनक्यूएएस के अंतर्गत गुणवत्ता प्रमाणित घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत बीजापुर के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बीजापुर के निर्देशन में जिले में स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर हुए बाह्य मूल्यांकन में पीएचसी चेरपाल ने 6 विभागों के निर्धारित सभी मानकों को पूरा करते हुए 92.11 प्रतिशत का उत्कृष्ट ओवरऑल स्कोर प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर डीपीएम, बीएमओ, बीपीएमव पीएचसी प्रभारी, प्रशासनिक टीम एवं पीएचसी चेरपाल के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। यह उपलब्धि टीम के समर्पण, बेहतर प्रबंधन एवं निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

प्राथमिक शाला में हुआ न्योता भोज



गीदम। गीदम संकुल के उच्च प्राथमिक शाला सोनारपारा में न्योता भोज का आयोजन किया गया। नीरज गुप्ता व मुस्कान गुप्ता ने अपने बेटे के नाम पर विद्यालय के बच्चों को न्योता भोज कराया। गुप्ता परिवार द्वारा समाजहित और बच्चों के कल्याण की दिशा में यह एक अनूठी पहल की गई। स्वादिष्ट और पौष्टिक भोज का आनंद लेते हुए बच्चों के चेहरे खिल उठे। संकुल प्राचार्य अवधेश अवस्थी, संकुल समन्वयक योगेश सोनी व शाला परिवार एवं शिक्षकों ने गुप्ता परिवार द्वारा बच्चों के प्रति दिखाई गई आत्मीयता सराहा। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में परस्पर प्रेम, भाईचारा और सामुदायिक जुड़ाव की भावना मजबूत होती है।

विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

मां दंतेश्वरी की पावन धरा से निकली सेवा ज्योति यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं 25 वर्षों के निरंतर जनसेवा के अवसर पर जिले में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।

- सेवा और सुशासन के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश

मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर, मेंढका डोबरा से प्रारंभ हुई सेवा ज्योति यात्रा मसाल प्रज्ज्वलित कर स्टेट बैंक चौक तक निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, युवा, किसान, श्रमिक एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि मां दंतेश्वरी की पावन धरा से सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के दौरान विभिन्न जनसेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन और राष्ट्रसेवा के सफर का उल्लेख करते हुए कहा कि एक साधारण परिवार से निकलकर उन्होंने कठिन संघर्षों के बीच राष्ट्रसेवा को अपना जीवन समर्पित किया। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने सेवा, सुशासन और विकास को प्राथमिकता देते हुए देश को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही पूरा होगा।

मां दंतेश्वरी की पावन भूमि से प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए उन्होंने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की यात्रा हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'सेवा ही संगठन' की भावना के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। इस अवसर पर भाजपा जिला संगठन प्रभारी शिवनारायण पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, राजू जायसवाल, रूबी शैलेन्द्र सिंह, सुभद्रा नेगी,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, सुकालू मुडामी,सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा जिला महामंत्री सत्यजीत चौहान, मुन्ना मरकाम व कार्यकर्ता, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधि, युवा तथा अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना





विकसित भारत के संकल्प को जनमानस से जोड़ना

भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य केवल सरकार का लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। बस्तर सहित दंतेवाड़ा के युवा, किसान, श्रमिक और नागरिक इस संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान दंतेवाड़ा में इसी स्थल पर 'विकसित भारत संकल्प सेवा चौक' के निर्माण की घोषणा भी हुई है। सेवा चौक का उद्देश्य सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प को स्थायी रूप से जनमानस से जोड़ना है।सेवा ज्योति यात्रा के दौरान सेवा ज्योति रथ को मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर, मेंढका डोबरा से रवाना किया गया। मशाल प्रज्ज्वलित कर शुरू हुई यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए स्टेट बैंक चौक पहुंची। यात्रा में उत्साह के साथ शामिल नागरिकों ने विकसित भारत-2047 के संकल्प को दोहराया।

छात्राओं को मिली साइकिल, शिक्षा के प्रति बढ़ा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआंकोंडा में विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता 'मेरे सपनों का भारत' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने विचारों और कल्पनाओं के माध्यम से विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर प्रस्तुत की।

- शिक्षा को आगे बढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बनाएं : सांसद



विद्यार्थियों ने शिक्षा, स्वच्छता, तकनीक, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और देश के विकास जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं को चित्रों एवं भाषण के माध्यम से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को शिक्षा के महत्व, नियमित अध्ययन और अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान और शिक्षा की भूमि रहा है। नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों ने पूरे विश्व को ज्ञान देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज शासन के प्रयासों से शिक्षा की पहुंच गांव-गांव तक बढ़ी है। पहले विद्यार्थियों को विद्यालय पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, लेकिन अब गांवों में प्राथमिक विद्यालय, समीपस्थ क्षेत्रों में माध्यमिक विद्यालय तथा विकासखंड मुख्यालयों में उच्चतर शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे शिक्षा को अपने जीवन में आगे बढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बनाएं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करें।

सांसद ने छात्राओं के लिए संचालित सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से संचालित इस योजना से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिली है और दूरस्थ क्षेत्रों की बालिकाओं को अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखने में मदद मिली है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क बेहतर होने से विद्यार्थियों सहित आम नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है। सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा भाव और सार्वजनिक जीवन की यात्रा से प्रेरणा लेते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे बड़े सपने देखें, लक्ष्य निर्धारित करें और अनुशासन एवं मेहनत के साथ उन्हें हासिल करने का प्रयास करें। 'मेरे सपनों का भारत' प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचारों को रचनात्मक तरीके से व्यक्त करने का अवसर मिलना भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर कक्षा छठवीं की 50 छात्राओं को सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरित की गई। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। छात्राओं ने कहा कि साइकिल मिलने से उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और नियमित रूप से स्कूल पहुंचकर पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी छात्राओं को शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी को अपनाते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आगामी पर्व को देखते हुए मिष्ठान व खाद्य प्रतिष्ठानों में किया निरीक्षण

दंतेवाड़ा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से मिली अनुसार आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई दुकानों का सतत एवं सघन निरीक्षण के साथ अवमानक, मिथ्याछाप, गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों के विक्रेताओं पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। उपरोक्त निर्देश के परिपालन में 6 अक्टूबर को फर्म राकेश किराना स्टोर, शहीद चौक बारसूर, मे. रवि इंटरप्राईजेस, शहीद चौक बारसूर, मे. संजय किराना स्टोर, बारसूर, मे. साहू किराना स्टोर, शहीद चौक बारसूर, मे. शुभम जनरल स्टोर, शहीद चौक बारसूर एवं 7 अक्टूबर को में सोनू किराना स्टोर, बस स्टैण्ड, दन्तेवाड़ा में न्यू राजस्थानी भोजनालय, गीदम, मे. प्रदीप किराना, गीदम, मे. प्रिया डेली नीड्स, हीरानार, गीदम में निरीक्षण किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों एवं मिठाई दुकानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई दुकानों का निरीक्षण एवं नमूना संकलन सतत रूप से जारी रहेगी।

हल्दीमारी में पेयजल संकट हैंडपंप सुधार की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

नारायणपुर विधानसभा के भानपुरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़े आमाबाल के आश्रित गांव हल्दीमारी में पिछले कई दिनों से पेयजल संकट गहरा गया है। गांव के अधिकांश हेडपंप खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- आदिवासी कांग्रेस ने पीएचई विभाग को सौंपा ज्ञापन

समस्या को लेकर 6 अक्टूबर को आदिवासी कांग्रेस कमेटी भानपुरी ब्लॉक अध्यक्ष बबलू बघेल के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जगदलपुर स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की और जल्द से जल्द हेडपंपों की मरम्मत कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को बताया कि हल्दीमारी में लगे हेडपंप महीनों से बंद हैं। जल स्तर नीचे जाने और रखरखाव के अभाव में नलों से पानी नहीं आ रहा है। महिलाओं को सुबह-शाम दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है, वहीं स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बबलू ने कहा कि यह आदिवासी बहुल क्षेत्र है और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है। विभाग को कई बार मौखिक रूप से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीएचई विभाग के अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही तकनीकी टीम गांव भेजकर खराब हेडपंपों का सर्वे कर मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निराकरण नहीं हुआ तो वे ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सुखचंद मौर्य, दर्जा कश्यप, बुधराम मौर्य, बलदेव मौर्य, मनबोध मौर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



स्व-सहायता समूह की दीदियों के हुनर को मिला बाजार, कलेक्ट्रेट परिसर में सजा स्टॉल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित विभिन्न स्थानीय एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का आकर्षक स्टॉल लगाया गया।

- सेवा संकल्प अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों को मिला मंच

स्टॉल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने हुनर, मेहनत और स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। कलेक्ट्रेट में आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने स्टॉल का अवलोकन कर समूह की दीदियों द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना की। इस पहल के माध्यम से महिलाओं के उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का अवसर भी उपलब्ध हुआ। महिलाओं के हुनर को बाजार से जोड़ने की पहल- स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आज केवल बचत और ऋण गतिविधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों से जुड़कर उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए गए स्टॉल ने महिलाओं को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने, ग्राहकों से सीधे संवाद करने और बाजार की मांग को समझने का अवसर प्रदान किया। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य स्व-सहायता समूह की महिलाओं के हुनर और मेहनत को पहचान दिलाने के साथ उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की बाजार तक पहुंच बढ़ाना है। स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों को प्रोत्साहन मिलने से समूह की महिलाओं के लिए नियमित आय के नए अवसर विकसित होंगे और उनका आर्थिक सशक्तिकरण भी मजबूत होगा।

स्थानीय उत्पादों को पहचान, दीदियों को आय के नए अवसर- स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पाद स्थानीय संसाधनों, पारंपरिक ज्ञान और महिलाओं के कौशल का परिणाम हैं। ऐसे उत्पादों को शासकीय कार्यालयों, स्थानीय आयोजनों, मेलों एवं अन्य सार्वजनिक मंचों के माध्यम से प्रदर्शित करने से उनकी पहचान बढ़ने के साथ बिक्री की संभावनाएं भी बढ़ती हैं। स्टॉल के माध्यम से समूह की दीदियों को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए एक प्रभावी मंच मिला। साथ ही उपभोक्ताओं को भी स्थानीय स्तर पर निर्मित गुणवत्तापूर्ण उत्पादों से परिचित होने और उन्हें खरीदकर ग्रामीण महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने का अवसर मिला।

फरसीगांव में युवा जनजागरण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ग्राम पंचायत फरसिगांव में आयोजित युवा जनजागरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से मुलाकात कर युवा शक्ति की भूमिका, सामाजिक जागरूकता और क्षेत्र के विकास को लेकर संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को जागरूक होना पड़ेगा, तभी गांव का विकास संभव होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि गांव में भाजपा-कांग्रेस की राजनीति छोड़कर विकास और सामाजिक सरोकारों के लिए एकजुट हों। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधायक ने युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जुड़कर सकारात्मक बदलाव में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान युवाओं ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों एवं समस्याओं को लेकर विधायक के समक्ष अपनी बात रखी। उपस्थित लोगों ने युवा जनजागरण की इस पहल को लेकर उत्साह व्यक्त किया। इस अवसर पर मानसिंग कवासी, लखेश्वर कश्यप, मोना पाड़ी फरसीगांव के महिला पुरुष युवा बच्चे एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।



सेवानिवृत्त व्याख्याता भूषण को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

हाईस्कूल गुमड़ा में पदस्थ व्याख्याता भूषण कश्यप के सेवानिवृत्त होने पर संकुल केंद्र गुमड़ा के कन्या पोटा केबिन में बड़े उल्लास के साथ विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

कार्यक्रम में शिक्षकों, अधिकारियों और ग्रामीणों, अतिथियों ने भूषण कश्यप के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान को याद किया और उनके कार्यकाल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि एक शिक्षक के रूप में उन्होंने विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सदैव कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य किया। सभी ने भूषण कश्यप को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित शिक्षकों ने उनके साथ बिताए अनुभवों को साझा किया और कहा कि उनका मार्गदर्शन हमेशा प्रेरणादायी रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम, एपीसी राजेंद्र पांडे, एपीसी राठौर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, ग्राम के गणमान्य नागरिक करन ठाकुर, संकुल प्राचार्य उदय प्रकाश शुक्ला, संकुल समन्वयक गया प्रसाद नाग एवं संकुल के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचा छात्रावास परिवार, बांटी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

ग्राम पंचायत आड़ावाल, नारायणपाल विकासखंड बस्तर में बाढ़ की मार झेल रहे परिवारों के बीच छात्रावास एवं आश्रम विकासखंड बस्तर के अधीक्षक-अधीक्षिकाओं ने पहुंचकर उनके दुख-दर्द को करीब से जाना। यह राहत एवं सहयोग कार्य जिला सहायक आयुक्त गणेश राम सोरी के निर्देशन में किया गया। बाढ़ के कारण कई परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की चुनौती खड़ी हो गई है। ऐसे कठिन समय में अधीक्षक-अधीक्षिकाओं ने प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनकी परेशानियां सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि इस मुश्किल घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं।इस दौरान जरूरतमंद परिवारों को मच्छरदानी, साड़ी, चावल, दाल, सब्जी सहित खाद्य एवं अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। साथ ही भविष्य में भी आवश्यकता के अनुसार जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। बाढ़ से प्रभावित परिवारों की पीड़ा को देखते हुए अधीक्षक-अधीक्षिकाओं ने संवेदनशीलता के साथ उनके बीच समय बिताया और उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली।



खबर संक्षेप



भुरके में क्रिकेट स्पर्धा का हुआ शुभारंभ

दुर्गूकोंदल। गोंडवाना फाइटर क्रिकेट क्लब ग्राम भुरके के तत्वाधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 7 अक्टूबर को हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराया है। सभी खिलाड़ी पूरी ईमानदारी और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लें, ताकि खेल का बेहतर माहौल बने और दर्शकों का मनोरंजन हो। कार्यक्रम में जनपद सदस्य निर्मला रजमन कोवाची, सरपंच जवाहर ठाकुर, कांग्रेस नेता सुखचंद प्रजापति, गायता सितेन्द्र पुंगाटी, पटेल चंदन कोवाची, वार्ड पंच महेश कोवाची सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी, सदस्य और ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ को लेकर खिलाड़ियों और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।

सहायक शिक्षक के पदों पर भर्ती परीक्षा 11 को

कांकेर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल रायपुर के द्वारा सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा एलएसएटी-26 11 अक्टूबर रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए कांकेर शहर में 06 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें जिले के लगभग 1685 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर कुन्दन कुमार द्वारा परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर टीकाराम देवांगन को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त परीक्षा के लिए जिले में शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही अलबेलापारा कांकेर, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मिडियम मॉडल कॉलेज कांकेर, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिंगारभाट कांकेर और शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

मतदाता साक्षरता के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

कांकेर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के समस्त शासकीय एवं निजी स्कूलों तथा महाविद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब ईएलसी का गठन करने के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा जारी निर्देशानुसार स्कूलों में शिक्षक, महाविद्यालयों में प्रोफेसर एवं सहायक प्रोफेसर तथा मतदान केंद्र स्तर पर बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के माध्यम से प्रत्येक विधानसभा स्तर पर मतदाता साक्षरता क्लब की मॉनिटरिंग के लिए ईएलसी कॉर्डिनेटर की नियुक्ति की गई है। नोडल अधिकारियों एवं ईएलसी कॉर्डिनेटरों के साथ समन्वय स्थापित कर निर्वाचकीय साक्षरता एवं जागरूकता गतिविधियों के आयोजन हेतु समय-समय पर आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार मॉनिटरिंग करने डिप्टी कलेक्टर कांकेर रानू मैथ्यूज को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

17 लाख का धान किसान करते हैं दान फिर भी कोदापाखा में लाखों की क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कोदापाखा में धान खरीदी के दौरान होने वाली सूखत और समिति के घाटे को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। समिति से जुड़े 12 गांवों के किसानों ने समिति प्रांगण में बैठक कर धान खरीदी में होने वाले घाटे का हिसाब मांगा। किसानों का आरोप है कि हर वर्ष करीब 17 लाख रुपए का धान किसानों द्वारा दान के रूप में दिए जाने के बावजूद समिति को लाखों रुपए का घाटा हो रहा है।

किसानों के अनुसार सूखत की भरपाई और समिति को घाटे से बचाने के नाम पर प्रति तौल 500 ग्राम धान लिया जाता है। किसानों का कहना है कि इस हिसाब से एक क्विंटल धान पर करीब 1.250 किलोग्राम धान समिति के लिए चला जाता है। इसके बावजूद समिति लगातार घाटे में जा रही है, जिससे क्षेत्र के किसानों में रोष है। बैठक में किसानों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, आदिम जाति सहकारी समिति कोदापाखा को वर्ष 2025-26 में 52 लाख 26 हजार 383 रुपए का घाटा हुआ है। वहीं वर्ष 2024-25 में 49 लाख 48 हजार 344 रुपए का घाटा बताया गया है। किसानों का कहना है कि घाटे के कारण समिति को लगातार दो वर्षों से करीब 13-13 लाख रुपए की कमीशन राशि नहीं मिल पाई है। इसी मामले को लेकर 12 गांवों के किसानों ने समिति परिसर में बैठक आयोजित की। बैठक में लैंपस प्रबंधक कोदापाखा और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्गूकोंदल के प्रबंधक से समिति में होने वाली सूखत और घाटे के संबंध में जानकारी मांगी गई। किसानों का कहना है कि उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बैठक में नाराज किसानों ने मांग रखी कि समिति में दर्शाई गई 52 लाख रुपए की सूखत राशि और करीब 13 लाख रुपए की कमीशन राशि का स्पष्ट हिसाब दिया जाए तथा राशि 10 अक्टूबर तक जमा कराई जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय तक मामले का समाधान नहीं हुआ तो वे थाना दुर्गूकोंदल में शिकायत दर्ज कराने के लिए बाध्य होंगे। बैठक में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्गूकोंदल के प्रबंधक साहिन खान, प्रभारी समिति प्रबंधक कोदापाखा रवि वर्मा, समिति अध्यक्ष तुलसी मातलाम, जगत दुग्गा, रमेश दुग्गा, मुकेश गावड़े, रामजी पुड़ो, भगवानी सिन्हा, सन्नू कल्लो, गुलाब बघेल, शिवप्रसाद बघेल, सियाराम पोटाई, सत्यनारायण ध्रुव, जयलाल ध्रुव, जगन्नाथ मंडावी, मेहर कोमरा, पतिराम नरेटी सहित किसान उपस्थित रहे।

चारामा में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी भगत का स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



कांग्रेस के वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत बस्तर दौरे पर निकले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत बुधवार को चारामा पहुंचे। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज भी मौजूद रहे। चारामा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो अलग-अलग स्थानों पर गाजे-बाजे और पारंपरिक तरीके से प्रदेश प्रभारी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

प्रदेश प्रभारी के आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता पहले से ही स्वागत की तैयारियों में जुटे थे। ग्राम कंडेल स्थित राम-जानकी मंदिर के पास युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री ठाकुर राम कश्यप के नेतृत्व में प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया। गाजे-बाजे के बीच कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सुखदेव भगत का स्वागत किया। यहां करीब 200 युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। इस अवसर पर विजय ठाकुर, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन देवांगन, सरपंच संघ उपाध्यक्ष जय प्रकाश गावड़े सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके बाद प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत का कोरर चौक चारामा में भी कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। यहां विधायक सावित्री मंडावी सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे और पारंपरिक वेशभूषा के साथ प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया। इस दौरान रामप्रसाद पोटाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। कोरर चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के उद्देश्य और पार्टी की ओर से उठाए जा रहे मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह अभियान मतदाताओं के वोट और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा से जुड़ा है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को लेकर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाए। चारामा में स्वागत कार्यक्रम के बाद प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत, पीसीसी चीफ दीपक बैज सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कांकेर जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए। यहां कांग्रेस की ओर से विशाल रैली और सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर चुनाव प्रक्रिया और मतदाता अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की गई। प्रदेश प्रभारी के स्वागत को लेकर चारामा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। दो स्थानों पर हुए स्वागत कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की भीड़ और गाजे-बाजे के बीच नगर में दिनभर राजनीतिक गतिविधियां दिखाई दीं।

ट्रैक्टर से खंभों के घसीटने पर प्रतिबंध, अब ट्रॉली से परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



लाइन विस्तार कार्य के दौरान बिजली के खंभों के परिवहन में बरती जा रही लापरवाही को लेकर लगातार समाचार प्रकाशित होने के बाद अब स्थिति में सुधार दिखाई देने लगा है। पहले ठेकेदार द्वारा बिजली के खंभों को ट्रैक्टर के पीछे जमीन पर घसीटकर कार्यस्थल तक पहुंचाया जा रहा था। अब खंभों को ट्रॉली में रखकर परिवहन किया जा रहा है।

दरअसल लाइन विस्तार कार्य में उपयोग होने वाले बिजली के खंभों को ट्रैक्टर के पीछे बांधकर जमीन पर घसीटे जाने से उनके क्षतिग्रस्त होने और खंभों में दरार आने की शिकायतें सामने आई थीं। ग्रामीणों का कहना था कि खंभों को इस तरह घसीटकर ले जाने से निर्माण सामग्री की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। इसके बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर नियमित निरीक्षण नहीं किए जाने पर सवाल उठ रहे थे। मामले को लेकर समाचार प्रकाशित होने के बाद अब ठेकेदार द्वारा खंभों को जमीन पर घसीटने के बजाय ट्रॉली में रखकर कार्यस्थल तक पहुंचाया जा रहा है। इससे खंभों को अनावश्यक क्षति से बचाने में मदद मिलेगी और ग्रामीणों ने इसे खबर का असर बताया है। हालांकि, इस बदलाव के बावजूद ग्रामीणों ने विभागीय निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समाचार प्रकाशन के बाद परिवहन का तरीका बदला जा सकता है तो विभागीय अधिकारियों ने पहले इस लापरवाही को क्यों नहीं देखा। उनका कहना है कि ठेकेदार द्वारा किए जा रहे कार्यों की निगरानी और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने कहा कि लाइन विस्तार जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही भविष्य में बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता और सुरक्षा को प्रभावित कर सकती है।

बोगर की दबिश में 5 लीटर शराब बरामद, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



अवैध शराब, जुआ-सट्टा और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कांकेर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत भानुप्रतापपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम बोगर में दबिश देकर अवैध रूप से शराब बिक्री करते एक 58 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कुल मात्रा साढ़े 5 लीटर जब्त की गई।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर के पर्यवेक्षण में की गई।

थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर निगरानी के लिए रवाना की गई थी। इसी दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बोगर में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने तत्काल ग्राम बोगर में दबिश दी।

हत्या की नीयत से पत्नी को सूखे कुएं में धकेला, पति को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पत्नी के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने के बाद उसे जान से मारने की नीयत से सूखे कुएं में धकेलने के मामले में चारामा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 6 अक्टूबर को प्रार्थी नरेन्द्र कोड़ोपी ने थाना चारामा में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि उसकी छोटी बहन सुनिता के साथ उसके पति चारभाटा निवासी राजेन्द्र कुंजाम ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इसके बाद आरोपी ने जान से मारने की नीयत से घर के पास स्थित एक सूखे कुएं में उसे धक्का दे दिया। कुएं में गिरने से सुनिता को गंभीर चोटें आईं।

घटना के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर चारामा पुलिस ने अपराध क्रमांक 211/2026 दर्ज करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2) एवं 109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

तरहुल सेवा सेतु अभियान के शिविर में 166 आवेदन प्राप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत तरहुल में ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ सहज रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा सेतु अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित 166 आवेदन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र टेकाम ने कहा कि सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य शासन और प्रशासन को ग्रामीणों के बीच सीधे पहुंचाकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए दूर-दराज के कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए गांव में इस तरह के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संचार एवं संकर्म सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि सेवा सेतु अभियान के माध्यम से प्रशासन ग्रामीणों के द्वार तक पहुंच रहा है। शिविर में ग्रामीण अपनी समस्याएं सीधे संबंधित विभाग के अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कृषि सभापति सुलोचना कोरेटी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कृषि आजीविका का प्रमुख आधार है। किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं, तकनीकी जानकारी, फसल सुरक्षा तथा अन्य कृषि योजनाओं का समय पर लाभ मिलना आवश्यक है। वहीं स्वच्छता सभापति सविता उइके ने स्वच्छता को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताते हुए ग्रामीणों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं सरपंच फूलमत पिद्दा ने ग्राम पंचायत तरहुल में शिविर आयोजित किए जाने पर प्रशासन का आभार जताया और ग्रामीणों से विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। शिविर के दौरान एसडीएम अनिकेत फड़तरे ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विभागीय योजनाओं, उपलब्ध सेवाओं और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। एसडीएम ने ग्रामीणों को दी जा रही सेवाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह पर निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



वन परिक्षेत्र दुर्गूकोंदल के तत्वाधान में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर के तहत बुधवार को वन्यजीव संरक्षण को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शासकीय इग्नाइट प्राथमिक एवं माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल दुर्गूकोंदल के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को वन्यप्राणियों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मार्गदर्शन में निकली रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने विभिन्न संदेशों के माध्यम से वन्यप्राणियों की सुरक्षा, जंगलों के संरक्षण और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों से वन्यजीवों को सुरक्षित रखने तथा प्राकृतिक पर्यावरण के संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। जागरूकता रैली के बाद विद्यालय परिसर में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए वन्यप्राणी संरक्षण विषय पर निबंध लेखन, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। वन विभाग एवं विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सहभागिता और प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने कहा कि वन्यप्राणियों की सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

वन्यजीव प्रकृति के महत्वपूर्ण अंग हैं और इनके संरक्षण के बिना पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों से वन्यप्राणियों के प्रति संवेदनशील रहने और आसपास के लोगों को भी वन्यजीव संरक्षण के लिए जागरूक करने का आह्वान किया।

नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोपी को कोर्ट में किया पेश

कांकेर। नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की।



पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी ने थाना सिटी कोतवाली कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने बताया कि वह अपनी नाबालिग पुत्री के साथ किराये के मकान की छत पर घूम रहा था। इसी दौरान छत से लगे दूसरे हिस्से से हलचल की आवाज सुनाई देने पर वह वहां पहुंचा। आरोप है कि वहां किराये के मकान में रहने वाला आरोपी मकसुद अली नाबालिग बालिका के साथ आपत्तिजनक कृत्य करते हुए पाया गया।

नव प्रवेशी कार्यकर्ताओं का किया स्वागत, दिलाई सदस्यता

आप के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष समेत 64 कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा



आम आदमी पार्टी को कोयलीबेड़ा ब्लॉक में बड़ा झटका लगा है। आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित कुल 64 कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों में विश्वास जताते हुए कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। कांग्रेस नेताओं एवं पदाधिकारियों ने सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस दौरान आप से कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों से प्रभावित होकर पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने की बात कही। कांग्रेस नेताओं ने नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का कांग्रेस से जुड़ना संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नए साथियों के जुड़ने से पार्टी को क्षेत्र में और मजबूती मिलेगी। नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ संगठन के विस्तार तथा कांग्रेस की नीतियों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। कोयलीबेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनाराम तेता, सुभद्रा सलाम, रूपसिंह पोटाई, विकास मंडल, बद्रीनाथ गावड़े, अखलेश चंदेल, अनिल दरो, रतिराम दुग्गा, श्रवण यादव, प्रेम आंद्रे, मनेश दरो, विनोद उसेंडी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुरेशिंग बघेल, विनोद उसेंडी, श्रवण नेताम, रामकृष्ण उयके, जगदेव कड़ियाम, संतोष शोरी सहित कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

